# *भारत का विदेश व्यापार: 2006-07 (अप्रैल-मार्च)**

वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई एंड एस) द्वारा हाल ही में प्रकाशित भारत के वणिक माल के व्यापार संबंधी अप्रैल-मार्च 2006-07 के अनंतिम आंकड़े और अप्रैल-जनवरी 2006-07 का पण्य-वार ब्यौरा निम्न बातें दर्शाता है।

## मुख्य-मुख्य बातें

- मार्च 2007 में वणिक माल का निर्यात एक मास में दर्ज उच्चतम स्तर पर था। अप्रैल-मार्च 2006-07 के दौरान कुल निर्यात 124.6 बिलियन अमरीकी डालर रहा। यह 21 प्रतिशत की वृद्धि-दर दर्शाता है और इससे इस वर्ष के लिए नियत निर्यात लक्ष्य की प्राप्ति हो गयी।
- अप्रैल-मार्च 2006-07 के दौरान 181.3 बिलियन अमरीकी डालर का आयात, 2005-06 की तुलना में 26.4 प्रतिशत अधिक था। आयात वृद्धि में तेल से इतर आयात ने 64.8 प्रतिशत का अंशदान किया।
- मार्च 2007 में तेल आयात की वृद्धि में तेज़ी से गिरावट (मार्च 2006 के 27.2 प्रतिशत के मुकाबले 9.4 प्रतिशत) हुई। पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट (पीओएल) का कुल आयात 2006-07 के दौरान 57.3 बिलियन अमरीकी डालर था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.3 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक था।
- व्यापार-घाटा एक वर्ष पूर्व की तदनुरूप अवधि के स्तर (40.3 बिलियन अमरीकी डालर) से 16.4 बिलियन अमरीकी डालर बढ़कर अप्रैल-मार्च 2006-07 के दौरान 56.7 बिलियन अमरीकी डालर पर पहुँच गया।

## निर्यात

मार्च 2007 में वणिक माल का निर्यात 12.6 बिलियन अमरीकी डालर था, जो एक मास में कभी भी दर्ज उच्चतम स्तर पर था (चार्ट 1 व विवरण 1)। अप्रैल-मार्च 2007

* यह लेख आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग, अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभाग में तैयार किया गया है। इसके पहले का लेख मई 2007 के भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन में प्रकाशित हुआ है।

**चार्ट 1 : भारत के निर्यात में वृद्धि**




के दौरान कुल निर्यात 124.6 बिलियन अमरीकी डालर (20.9 प्रतिशत की वृद्धि) था। इस से सरकार द्वारा नियत लक्ष्य (125 बिलियन अमरीकी डालर) की प्राप्ति हो गयी (सारणी 'क' और विवरण 2)। इसके साथ ही 2002-03 से निरन्तर पाँचवें वर्ष के लिए भारतीय वणिक माल निर्यात ने 20 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की।

2006-07 (अप्रैल-जनवरी) के पण्य-वार आंकड़े यह प्रकट करते हैं कि सामान्यत: प्राथमिक उत्पाद और विनिर्मित उत्पाद, दोनों के निर्यात ने मामूली वृद्धि दर्शायी (विवरण 3)। इसी समय में प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत चाय और मसाले

**सारणी क : भारत का वणिक माल व्यापार अप्रैल-मार्च**

(मिलियन अमरीकी डालर)

| मद | 2005-06 सं | 2006-07अ |
|---|---|---|
| निर्यात | 103,101 | 124,598 |
| | (23.4) | (20.9) |
| आयात | 143,430 | 181,343 |
| | (28.6) | (26.4) |
| तेल आयात | 43,963 | 57,308 |
| | (47.3) | (30.4) |
| तेल से इतर आयात | 99,466 | 124,035 |
| | (21.8) | (24.7) |
| व्यापार संतुलन | -40,329 | -56,745 |

अ : अनंतिम   सं : संशोधित

**टिप्पणी** : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन दिखाते हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआईएस)

विनिर्मित क्षेत्र के अंतर्गत इंजीनियरिंग माल और पेट्रोलियम माल ने निर्यात में वृद्धि बनाए रखी। अप्रैल-जनवरी 2006-07 के दौरान इंजीनियरिंग माल व पेट्रोलियम उत्पाद दोनों के निर्यात ने मिलकर कुल निर्यात की वृद्धि में 63 प्रतिशत का अंशदान किया और वे निर्यात-वृद्धि के प्रेरक रहे (बॉक्स)।

2006-07 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान प्राथमिक उत्पादों की जो मामूली वृद्धि देखी गयी, वह मुख्यत: अयस्क धातु और समुद्री उत्पाद के निर्यात में हुई कमी के कारण था। विनिर्मित उत्पाद की निर्यात-वृद्धि ने जो कमी दर्शायी है, उसका कारण था सूती वस्त्र, रत्न और आभूषण, रसायन तथा चमड़े की वृद्धि में हुई तीव्र कमी। इंजीनियरिंग माल के निर्यात में (जिसने 36.6 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की) वृद्धि का बड़ा घटक लोहा और इस्पात (51.2 प्रतिशत) था। यह वृद्धि मुख्यतया अमरीका, बेल्जियम, जर्मनी, इटली और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को हुए निर्यात से है।


2006-07 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान वस्त्र और वस्त्र उत्पादों की निर्यात वृद्धि में गिरावट की प्रवृत्ति रही तथा तैयार कपड़ों, सूती धागे और कपड़ो जैसे सभी प्रमुख उत्पाद खण्डों में मंदी देखी गई। इस अवधि के दौरान प्रमुख बाजारों जैसे अमरीका, यूके, जर्मनी, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को हुए निर्यात में कमी

## बाक्स : निर्यात-वृद्धि के प्रेरक

भारत के वणिक माल निर्यात वर्ष 2002-03 से तेज वृद्धि दर्ज करते आ रहे हैं। 2002-07 की इनकी औसत वृद्धि 23.3 प्रतिशत है। पिछले साढ़े तीन दशकों में से 2004-05 में सबसे अधिक वृद्धि (30.8 प्रतिशत) हुई है। परिणामस्वरूप विश्व के वणिक माल निर्यात में भारत का हिस्सा वर्ष 2000 के 0.7 प्रतिशत से बढ़कर 2006 में 1.0 प्रतिशत पर पहुँच गया।

इस अवधि के दौरान (2002-07) भारत के निर्यात समूह के संघटन में संरचनात्मक परिवर्तन हुए हैं। परिवर्तित संरचना से मालूम होता है कि पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग माल और अयस्क व खनिज निर्यात वृद्धि के प्रमुख प्रेरक के रूप में उभड़े हैं, जबकि हस्तशिल्प, वस्त्र और संबंधित उत्पाद, रत्न व आभूषण, कृषि-उत्पाद तथा चमड़ा व उससे विनिर्मित वस्तुओं आदि पारंपरिक मदों के हिस्से में गिरावट दिखायी पड़ी। इससे अधिक, इंजीनियरिंग माल, अयस्क व खनिज और पेट्रोलियम उत्पादों ने कुल मिलाकर 2002-07 की निर्यात-वृद्धि में 63 प्रतिशत का हिस्सा दिया (चार्ट)। वस्तुओं की संरचना में इंजीनियरिंग माल, पेट्रोलियम उत्पाद और रसायन व संबंधित उत्पादों की ओर का झुकाव, भारतीय विनिर्मित माल के निर्यात में बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धात्मक भावना और अधिक परिष्कृत तकनीक को दर्शाता है।

**चार्ट : निर्यात वृद्धि के प्रेरक 2002-07**




भारतीय निर्यात की वस्तुओं की बदलती संरचना, विश्व निर्यात की वस्तुओं में भारत के हिस्से के परिवर्तन को भी दर्शाता है (सारणी)। यद्यपि वर्ष 2000 व 2005 के बीच विश्व के कृषि उत्पादों के निर्यात में भारत का हिस्सा अपरिवर्तित बना रहा, तथापि विश्व निर्यात में मशीनरी व परिवहन उपस्कर, ईंधन व खनन उत्पाद तथा रसायनों ने भारत के हिस्से में वृद्धि दर्शायी। भारत के व्यापार क्षेत्र को मजबूत करने की सरकारी नीतियों के अलावा, वैश्विक निवेश के समुत्थान ने भी, जिसने विश्व व्यापार में पूंजीगत माल के निर्यात में असाधारण वृद्धि दर्शायी, भारत से तकनीकी आधारित इंजिनियरिंग माल के निर्यात को प्रोत्साहित करने में अनुकूल वातावरण बनाया।

**सारणी : विश्व निर्यात में भारत का हिस्सा**

| पण्य | 1990 | 2000 | 2005 |
|---|---|---|---|
| I. कृषि उत्पाद | 0.8 | 1.2 | 1.2 |
| II. ईंधन और खनन उत्पाद | 0.3 | 0.4 | 1.1 |
| III. विनिर्माण | 0.5 | 0.7 | 1.0 |
| 1. लोहा और इस्पात | 0.2 | 0.9 | 1.7 |
| 2. रसायन | 0.4 | 0.8 | 1.0 |
| 3. मशीनरी और परिवहन उपस्कर | 0.1 | 0.1 | 0.3 |
| 4. वस्त्र | 2.1 | 3.8 | 3.9 |
| 5. परिधान | 2.3 | 3.1 | 3.0 |
| कुल वणिक माल व्यापार | **0.5** | **0.7** | **0.9** |

**स्रोत :** विश्व व्यापार संघटन

देखी गई। अमरीका के वाणिज्य विभाग, वस्त्र और परिधान कार्यालय के अनुसार, अमरीका को भारत से वस्त्र और परिधान के निर्यात में 2006-07 (अप्रैल-मार्च) के दौरान मूल्य के रूप में 4.0 प्रतिशत की कमी (2005-06 में 24.2 प्रतिशत) और मात्रा के रूप में 12.3 प्रतिशत (2005-06 में 18.6 प्रतिशत) की कमी हुई।

रत्न और आभूषण के निर्यात में 2005-06 की दूसरी छमाही से कमी की प्रवृत्ति दिखती थी, पर नवंबर 2006 से उसमें उलटाव दीख पड़ा (चार्ट 2)। फलस्वरूप उसने अप्रैल-नवंबर 2006 तक की नकारात्मक वृद्धि के मुकाबले 2006-07 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान कुल निर्यात में 2.0 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की। रत्न और आभूषण

### चार्ट 2 : भारत के रत्न और आभूषण निर्यात




निर्यात संवर्धन परिषद के अनुसार 2006-07 (अप्रैल-मार्च) के दौरान रत्न और आभूषण के कुल निर्यात में 2.7 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई है।

2006-07 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान पेट्रोलियम उत्पाद (पीओएल) के निर्यात में पिछले वर्ष की 66.8 प्रतिशत की ऊँची दर के मुकाबले, 62.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। परिमाण और कीमत दोनों की वजह से यह संभव हो सका। परिमाण के रूप में अप्रैल-जनवरी 2006-07 के दौरान पीओएल निर्यात में 46.9 प्रतिशत की तेज़ वृद्धि (एक वर्ष पूर्व 15.2 प्रतिशत) हुई।

गंतव्यवार, 2006-07 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान भारत के निर्यात के लिए 15.2 प्रतिशत हिस्से के साथ अमरीका प्रमुख बाज़ार रहा। इसके बाद यूएई (9.7 प्रतिशत), चीन (6.3 प्रतिशत), सिंगापुर (4.7 प्रतिशत) और यूके (4.5 प्रतिशत) की गिनती है। तथापि, करीबन सभी प्रमुख बाज़ारों में इस अवधि के दौरान निर्यात की वृद्धि में गिरावट हुई। मात्र यूएई, जहाँ 44.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई, इसका अपवाद था (विवरण 4)।

## आयात

2006-07 (अप्रैल-मार्च) के दौरान भारत के वणिक माल आयात में 26.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें तेल से इतर आयात में तेज़ वृद्धि दर्ज हुई, जब कि तेल आयात ने साधारण वृद्धि दर्ज की है।

### *तेल आयात*

मार्च 2007 में 4.6 बिलियन अमरीकी डालर पर पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट (पीओएल) के आयात की वृद्धि में तेज गिरावट हुई। यह वृद्धि 9.4 प्रतिशत (पिछले वर्ष में 27.2 प्रतिशत) थी। अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों ने इसे अधिकांशत: प्रभावित किया है। कच्चे तेल की औसत कीमत (भारतीय समूह) प्रति बैरल 60.4 अमरीकी डालर थी, जिसमें पिछले वर्ष की 22.1 प्रतिशत की तुलना में मार्च के दौरान हलकी वृद्धि (1.3 प्रतिशत) दर्ज हुई (सारणी ख)।

2006-07 (अप्रैल-मार्च) के दौरान कुल पीओएल आयात 57.3 बिलियन अमरीकी डालर का रहा। इसमें पिछले वर्ष के 44.0 अमरीकी डालर की तुलना में 30.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2006-07 (अप्रैल-मार्च) के दौरान भारतीय समूह के कच्चे तेल की औसत कीमत प्रति बैरल 62.4

### सारणी ख : कच्चा तेल की कीमतों की प्रवृत्ति

(अमरीकी डालर प्रति बैरल)

| | दुबई | यूके ब्रेंट | यूएस डब्ल्यूटी आई | भारतीय समूह |
|---|---|---|---|---|
| 1995-96 | 16.2 | 17.5 | 18.8 | 16.7 |
| 2000-01 | 25.9 | 28.1 | 30.3 | 26.8 |
| 2001-02 | 21.8 | 23.2 | 24.1 | 22.4 |
| 2002-03 | 25.9 | 27.6 | 29.2 | 26.6 |
| 2003-04 | 26.9 | 29.0 | 31.4 | 27.8 |
| 2004-05 | 36.4 | 42.2 | 45.0 | 38.9 |
| 2005-06 | 53.4 | 58.0 | 59.9 | 55.3 |
| 2006-07 | 60.9 | 64.4 | 64.7 | 62.4 |
| मार्च-06 | 57.6 | 62.3 | 62.9 | 59.6 |
| मार्च-07 | 59.1 | 62.1 | 60.6 | 60.4 |

**टिप्पणी** : भारतीय समूह में दुबई क्रूड द्वारा बेंचमार्क किया गया, अधिक गंधकयुक्त याने सोर किस्म का 58 प्रतिशत और यूके ब्रेंट क्रूड द्वारा बेंचमार्क किया गया, कम गंधकयुक्त अर्थात स्वीट किस्म का 42 प्रतिशत कच्चा तेल शामिल है।

**स्रोत** : अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी, विश्व बैंक का पण्य कीमत पिंक शीट मई 2007।

अमरीकी डालर थी। इसमें पिछले वर्ष की 42.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 12.7 प्रतिशत की अपेक्षाकृत कम वृद्धि हुई है। मात्रात्मक संदर्भ में, 2006-07 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान तेल-आयात में 18.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जब कि एक वर्ष पूर्व 3.2 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई थी।

## *तेल से इतर आयात*

मार्च 2007 में तेल से इतर के आयात में 16.6 प्रतिशत (मार्च 2006 में 11.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई। इसने कुल आयात वृद्धि में 81 प्रतिशत का अंशदान किया है। 2006-07 (अप्रैल-मार्च) के दौरान तेल से इतर के संचयी आयात में 24.7 प्रतिशत (एक वर्ष पूर्व 21.8 प्रतिशत) की तीव्र वृद्धि हुई। तेल से इतर के आयात की वृद्धि में पूँजीगत माल का हिस्सा 46 प्रतिशत का था। धातुमय अयस्क व धातु स्क्रैप और सोना व चांदी इस वृद्धि के बड़े अंशदाता थे (चार्ट-3)। दूसरी ओर, 2006-07 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान, मोती, अतिमूल्यवान व मूल्यवान पत्थर में, जो तेल से इतर के आयात का प्रमुख घटक है, 25.7 प्रतिशत की गिरावट हुई।

स्रोतवार 2006-07 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान तेल से इतर के आयात का प्रमुख स्रोत चीन रहा, जहाँ से कुल तेल से इतर के आयात के 13.9 प्रतिशत का आयात हुआ। इसके बाद अमरीका (8.1 प्रतिशत), स्विट्ज़रलैंड (7.4 प्रतिशत), जर्मनी (5.9 प्रतिशत) और आस्ट्रेलिया (5.6 प्रतिशत) की गिनती है। तथापि, अप्रैल-जनवरी 2006-07 के दौरान समग्र आयात (तेल सहित) पर विचार करने से भारत के लिए दूसरे प्रमुख आयात का स्रोत सऊदी अरब रहा।


## व्यापार घाटा

2006-07 (अप्रैल-मार्च) के दौरान व्यापार घाटा 56.7 बिलियन अमरीकी डालर था। इसमें 2005-06 के (40.3 बिलियन अमरीकी डालर) घाटे पर 16.4 बिलियन अमरीकी डालर की वृद्धि हुई (विवरण 2)। 2006-07 के दौरान इस स्तर पर वर्तमान बाजार मूल्य पर व्यापार घाटा जीडीपी का 6.2 प्रतिशत हो गया, जबकि 2005-06 में यह जीडीपी का 5.0 प्रतिशत रहा। तेल के कारण हुआ व्यापार घाटा 2006-07 (अप्रैल-जनवरी) के दौरान 6.1 बिलियन अमरीकी डालर बढ़ गया जबकि तेल से इतर का व्यापार घाटा 4.9 बिलियन अमरीकी डालर बढ़ा।

## वैश्विक गतिविधियाँ

2007 की शुरूआत में वैश्विक अर्थ-व्यवस्था, अमरीका में गति के मन्द होने से, साधारण गति में बढ़ी।

**चार्ट 3 : तेल से इतर आयात की वृद्धि में अंशदान**



अमरीकी ब्यूरो आफ़ इकॉनॉमिक एनालिसिस के पूर्व अनुमान के अनुसार, जो 27 अप्रैल 2007 को प्रकाशित हुई, 2007 की प्रथम तिमाही में वास्तविक सकल देशी उत्पाद 1.3 प्रतिशत की वार्षिक दर पर बढ़ी। इसकी तुलना में चौथी तिमाही में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।


आईएमएफ़ अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी के अनुसार, व्यापार के क्षेत्र में जनवरी 2007 में विश्व के निर्यात में 16.3 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि (एक वर्ष पूर्व 10.8 प्रतिशत) रही। औद्योगिक देशों ने 14.6 प्रतिशत की (एक वर्ष पूर्व 7.4 प्रतिशत) वृद्धि दर्ज की, जबकि विकासशील देशों के निर्यात में 18.3 प्रतिशत की (एक वर्ष पूर्व 15.4 प्रतिशत) वृद्धि हुई।

यूएस ब्यूरो ऑफ़ इकॉनॉमिक एनॉलिसिस (बीईए) के अनुसार, 2007 की प्रथम तिमाही (जनवरी-मार्च) में अमरीकी वणिक माल ने 10.6 प्रतिशत की (एक वर्ष पूर्व 13.8 प्रतिशत) वृद्धि दर्ज की है, जबकि उसी अवधि में आयात ने 3.8 प्रतिशत की (एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 13.7 प्रतिशत) वृद्धि की। यूरो क्षेत्र में यूरो स्टैट के अनुसार 13 प्रमुख यूरोपीय यूनियन (ईयू) के देशों से हुए निर्यात में, यूरो मुद्रा में जनवरी-फ़रवरी 2007 के दौरान 10.3 प्रतिशत की (एक वर्ष पूर्व 13.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई, जब कि आयातों में अपेक्षाकृत कम 7.7 प्रतिशत की (एक वर्ष पूर्व 21.1 प्रतिशत) वृद्धि हुई। जनवरी-फ़रवरी 2007 के दौरान जापान के निर्यात ने 15.1 प्रतिशत की (एक वर्ष पूर्व 13.9 प्रतिशत) वृद्धि दर्ज की और आयातों में 15.7 प्रतिशत की (एक वर्ष पूर्व 20.1 प्रतिशत) वृद्धि हुई। पीपल्स रिपब्लिक आफ़ चायना के वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार 2007 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) के दौरान चीन के निर्यातों में 27.8 प्रतिशत की और आयातों में 18.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### *वस्तुओं की कीमतें*

वर्ष 2007 के दौरान अब तक सभी वस्तुओं का वस्तु मूल्य उच्च बना रहा। विश्व बैंक के मासिक वस्तु मूल्य आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2007 में अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की औसत कीमत प्रति बैरल 65.1 अमरीकी डालर पर पहुँची, जो आठ महीनों की सबसे अधिक कीमत थी। ऊर्जा से इतर वस्तुओं की कीमतें भी अप्रैल 2007 में, मार्च 2007 महीने की कीमतों से 4.4 प्रतिशत बढ़कर सुदृढ़ बनी रही। अधिकतर धातुओं और खनिजों में मूल्य का बढ़ाव दिखायी पड़ा। पिछले महीने की तुलना में अप्रैल 2007 में कीमतें 9.1 प्रतिशत बढ़ गयीं। (चार्ट 4)।

**चार्ट 4 : गैर-ऊर्जा पण्य कीमतों की प्रवृत्ति, 2007**



**विवरण 1 : मार्च 2007 महीने में भारत का विदेश व्यापार**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2004-05 | 44,367 | 2,874 | 41,492 | 54,042 | 14,433 | 39,609 | -9,676 | -11,559 | 1,883 |
| 2005-06 सं | 51,426<br>(15.9) | 4,274<br>(48.7) | 47,152<br>(13.6) | 63,672<br>(17.8) | 18,695<br>(29.5) | 44,977<br>(13.6) | -12,246 | -14,421 | 2,176 |
| 2006-07 अ | 55,400<br>(7.7) | .. | .. | 72,128<br>(13.3) | 20,242<br>(8.3) | 51,886<br>(15.4) | -16,727 | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2004-05 | 10,155 | 658 | 9,497 | 12,369 | 3,303 | 9,066 | -2,215 | -2,646 | 431 |
| 2005-06 सं | 11,561<br>(13.9) | 961<br>(46.1) | 10,601<br>(11.6) | 14,314<br>(15.7) | 4,203<br>(27.2) | 10,111<br>(11.5) | -2,753 | -3,242 | 489 |
| 2006-07 अ | 12,584<br>(8.8) | .. | .. | 16,383<br>(14.5) | 4,598<br>(9.4) | 11,785<br>(16.6) | -3,799 | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2004-05 | 6,656 | 431 | 6,224 | 8,107 | 2,165 | 5,942 | -1,452 | -1,734 | 282 |
| 2005-06 सं | 8,036<br>(20.7) | 668<br>(54.9) | 7,368<br>(18.4) | 9,950<br>(22.7) | 2,921<br>(34.9) | 7,028<br>(18.3) | -1,914 | -2,254 | 340 |
| 2006-07 अ | 8,349<br>(3.9) | .. | .. | 10,870<br>(9.2) | 3,050<br>(4.4) | 7,819<br>(11.3) | -2,521 | | |

अ : अनंतिम     सं : संशोधित     .. : अनुपलब्ध

**टिप्पणी :** कोष्ठक के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ से संबंधित हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

**विवरण 2: भारत का विदेश व्यापार**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **अप्रैल - मार्च** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 375,340 | 31,404 | 343,935 | 501,065 | 134,094 | 381,404 | -125,725 | -102690 | -23,035 |
| 2005-2006 सं. | 456,463 | 51,030 | 405,433 | 635,013 | 194,640 | 440,373 | -178,550 | -143,610 | -34,940 |
| | (21.6) | (62.5) | (17.9) | (26.7) | (45.2) | (20.0) | | | |
| 2006-2007 अ. | 563,800 | 69,726 * | 393,480 * | 820,568 | 259,316 | 561,252 | -256,768 | | |
| | (23.5) | (66.7) | (21.9) | (29.2) | (33.2) | (27.4) | (22.3) | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 83,536 | 6,989 | 76,547 | 111,517 | 29,844 | 81,673 | -27,981 | -22,855 | -5,127 |
| 2005-2006 सं. | 103,101 | 11,526 | 91,575 | 143,430 | 43,963 | 99,466 | -40,329 | -32,437 | -7,892 |
| | (23.4) | (64.9) | (19.6) | (28.6) | (47.3) | (21.8) | | | |
| 2006-2007 अ. | 124,598 | 15,331 * | 86,515 * | 181,343 | 57,308 | 124,035 | -56,745 | | |
| | (20.9) | (62.2) | (18.6) | (26.4) | (30.4) | (24.7) | | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 56,081 | 4,692 | 51,389 | 74,866 | 20,036 | 54,830 | -18,785 | -15,343 | -3,442 |
| 2005-2006 सं. | 70,781 | 7,913 | 62,868 | 98,467 | 30,182 | 68,286 | -27,687 | -22,269 | -5,418 |
| | (26.2) | (68.6) | (22.3) | (31.5) | (50.6) | (24.5) | | | |
| 2006-2007 अ. | 83,832 | 10,336 * | 58,330 * | 122,011 | 38,558 | 83,453 | -38,179 | | |
| | (18.4) | (59.7) | (16.8) | (23.9) | (27.8) | (22.2) | | | |

अ : अनंतिम सं : संशोधित * : अप्रैल-जनवरी से संबंधित।

**टिप्पणी** : 1. कोष्ठक के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ से संबंधित हैं।

2. अवधि की औसत विनिमय दर का प्रयोग करते हुए आंकड़ों में परिवर्तन किया गया है।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 3: भारत से मुख्य वस्तुओं का निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-जनवरी | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **प्राथमिक उत्पाद** | **9,864.1** | **12,760.5** | **14,958.6** | **29.4** | **17.2** |
| | **(15.3)** | **(15.5)** | **(14.7)** | | |
| **क. कृषि और संबद्ध उत्पाद** | **6,560.9** | **8,025.6** | **9,597.9** | **22.3** | **19.6** |
| *जिसमें से :* | **(10.2)** | **(9.7)** | **(9.4)** | | |
| 1. चाय | 345.7 | 331.5 | 382.8 | -4.1 | 15.5 |
| 2. कॉफी | 169.4 | 274.0 | 343.0 | 61.8 | 25.2 |
| 3. चावल | 1,110.0 | 1,158.9 | 1,212.5 | 4.4 | 4.6 |
| 4. गेहूं | 290.4 | 125.8 | 7.7 | -56.7 | -93.9 |
| 5. अपशेष सहित कच्ची रूई | 65.4 | 398.8 | 853.4 | 509.4 | 114.0 |
| 6. तंबाकू | 212.1 | 234.2 | 295.5 | 10.5 | 26.1 |
| 7. सीएनएसएल सहित काजू | 440.3 | 494.7 | 462.2 | 12.4 | -6.6 |
| 8. मसाले | 338.1 | 388.2 | 534.7 | 14.8 | 37.7 |
| 9. तेल खाद्य | 560.5 | 742.5 | 864.8 | 32.5 | 16.5 |
| 10. समुद्री उत्पाद | 1,065.1 | 1,334.8 | 1,326.7 | 25.3 | -0.6 |
| 11. चीनी और खांडसारी | 30.9 | 58.2 | 565.5 | 88.2 | 871.8 |
| **ख. अयस्क और खनिज** | **3,303.1** | **4,734.9** | **5,360.7** | **43.3** | **13.2** |
| *जिसमें से :* | **(5.1)** | **(5.7)** | **(5.3)** | | |
| 1. लौह अयस्क | 2,024.6 | 2,956.0 | 2,947.5 | 46.0 | -0.3 |
| 2. प्रसंस्करित खनिज | 638.3 | 896.3 | 1,050.5 | 40.4 | 17.2 |
| **II. विनिर्मित वस्तुएं** | **47,240.4** | **58,041.5** | **67,372.0** | **22.9** | **16.1** |
| *जिसमें से :* | **(73.2)** | **(70.4)** | **(66.2)** | | |
| **क. चमड़ा और उससे बनी वस्तुएं** | **1,964.3** | **2,202.7** | **2,401.2** | **12.1** | **9.0** |
| **ख. रसायन और संबद्ध उत्पाद** | **9,742.8** | **11,725.7** | **13,427.0** | **20.4** | **14.5** |
| 1. मूलभूत रसायन, दवाइयां और प्रसाधन सामग्री | 5,557.3 | 7,135.7 | 8,274.7 | 28.4 | 16.0 |
| 2. प्लास्टिक और लिनोलियम | 2,426.6 | 2,322.1 | 2,626.8 | -4.3 | 13.1 |
| 3. रबड़, कांच, रंग और एनामेल आदि, | 1,369.5 | 1,706.0 | 1,921.4 | 24.6 | 12.6 |
| 4. अवशिष्ट रसायन और संबद्ध उत्पाद | 389.3 | 561.9 | 604.1 | 44.3 | 7.5 |
| **ग. इंजीनियरिंग वस्तुएं** | **13,165.8** | **17,174.9** | **23,468.3** | **30.5** | **36.6** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. धातु से विनिर्मित | 2,669.0 | 3,376.4 | 4,082.4 | 26.5 | 20.9 |
| 2. मशीन और उपकरण | 2,821.3 | 4,036.9 | 5,327.6 | 43.1 | 32.0 |
| 3. परिवहन उपस्कर | 2,238.6 | 3,380.3 | 3,703.8 | 51.0 | 9.6 |
| 4. लोहा और इस्पात | 2,853.2 | 2,860.4 | 4,325.2 | 0.3 | 51.2 |
| 5. इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 1,456.1 | 1,735.8 | 2,276.7 | 19.2 | 31.2 |
| **घ. वस्त्र और वस्त्र से बने उत्पाद** | **10,683.9** | **13,145.2** | **13,965.1** | **23.0** | **6.2** |
| 1. सूती धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं, आदि, | 2,760.5 | 3,190.9 | 3,400.8 | 15.6 | 6.6 |
| 2. प्राकृतिक रेशमी धागा, कपड़ा, उससे बनी हुई वस्तुएं (सिल्क कतरन सहित) | 332.2 | 366.8 | 363.4 | 10.4 | -0.9 |
| 3. कृत्रिम धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं | 1,588.5 | 1,582.7 | 1,750.5 | -0.4 | 10.6 |
| 4. मानव निर्मित स्टेपल फ़ैब्रिक | 56.1 | 69.2 | 151.1 | 23.2 | 118.5 |
| 5. ऊनी धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं आदि | 55.6 | 70.9 | 68.5 | 27.6 | -3.4 |
| 6. तैयार कपड़े | 5,069.9 | 6,812.1 | 7,135.9 | 34.4 | 4.8 |
| 7. जूट और जूट विनिर्माण | 221.7 | 246.7 | 235.5 | 11.3 | -4.5 |
| 8. कॉयर और कॉयर उत्पाद | 84.8 | 111.7 | 117.8 | 31.6 | 5.5 |
| 9. कार्पेट | 514.5 | 694.3 | 741.5 | 34.9 | 6.8 |
| (अ) हस्त निर्मित कार्पेट | 493.3 | 675.2 | 717.4 | 36.9 | 6.2 |
| (ब) मिल में निर्मित कार्पेट | 0.0 | 0.0 | 0.0 | | |
| (क) रेशमी कार्पेट | 21.2 | 19.1 | 24.1 | -10.2 | 26.5 |
| **ङ. रत्न और आभूषण** | **10,716.4** | **12,592.9** | **12,849.8** | **17.5** | **2.0** |
| **च. हस्त शिल्प** | **315.0** | **385.3** | **305.7** | **22.3** | **-20.7** |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **5,667.2** | **9,452.0** | **15,330.7** | **66.8** | **62.2** |
| | **(8.8)** | **(11.5)** | **(15.1)** | | |
| **IV. अन्य** | **1,735.3** | **2,141.8** | **4,184.6** | **23.4** | **95.4** |
| | **(2.7)** | **(2.6)** | **(4.1)** | | |
| **कुल निर्यात** | **64,507.1** | **82,395.8** | **101,845.9** | **27.7** | **23.6** |

अ : अनंतिम।

**टिप्पणी :** कोष्ठक के आंकड़े कुल निर्यात में उस अवधि के प्रतिशत अंश से संबंधित हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 4 : भारत के विदेश व्यापार की दिशा - निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-जनवरी | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **28,677.2** | **37,067.4** | **42,235.6** | **29.3** | **13.9** |
| **क. यूरोपीय संघ** | **13,565.9** | **18,027.9** | **20,829.1** | **32.9** | **15.5** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 1,946.0 | 2,293.5 | 2,802.7 | 17.9 | 22.2 |
| 2. फ्रान्स | 1,326.9 | 1,665.0 | 1,706.6 | 25.5 | 2.5 |
| 3. जर्मनी | 2,179.4 | 2,842.4 | 3,164.4 | 30.4 | 11.3 |
| 4. इटली | 1,744.6 | 1,967.0 | 2,910.4 | 12.7 | 48.0 |
| 5. नीदरलैंड | 1,234.8 | 2,159.7 | 2,134.9 | 74.9 | -1.1 |
| 6. ब्रिटेन | 2,838.3 | 4,163.6 | 4,546.9 | 46.7 | 9.2 |
| **ख. उत्तर अमरीका** | **11,767.3** | **14,926.1** | **16,399.1** | **26.8** | **9.9** |
| 1. कनाडा | 675.5 | 818.1 | 913.0 | 21.1 | 11.6 |
| 2. अमरीका | 11,091.8 | 14,108.0 | 15,486.1 | 27.2 | 9.8 |
| **ग. एशिया और ओसीनिया** | **2,248.9** | **2,799.9** | **3,496.5** | **24.5** | **24.9** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 574.0 | 676.1 | 748.1 | 17.8 | 10.7 |
| 2. जापान | 1,600.2 | 1,999.4 | 2,265.7 | 24.9 | 13.3 |
| **घ. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **1,095.1** | **1,313.5** | **1,510.8** | **19.9** | **15.0** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. स्विट्जरलैंड | 424.5 | 373.8 | 360.7 | -11.9 | -3.5 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **10,259.6** | **12,073.1** | **16,931.8** | **17.7** | **40.2** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 1,076.1 | 1,053.8 | 1,640.8 | -2.1 | 55.7 |
| 2. ईरान | 999.8 | 922.2 | 1,259.9 | -7.8 | 36.6 |
| 3. इराक | 103.7 | 109.6 | 159.8 | 5.7 | 45.8 |
| 4. कुवैत | 336.6 | 421.9 | 508.5 | 25.3 | 20.5 |
| 5. सऊदी अरब | 1,139.8 | 1,447.1 | 2,038.2 | 27.0 | 40.8 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 5,682.7 | 6,847.2 | 9,872.7 | 20.5 | 44.2 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1,439.5** | **1,577.3** | **1,989.6** | **9.6** | **26.1** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. रूमानिया | 82.1 | 63.5 | 124.6 | -22.6 | 96.2 |
| 2. रूस | 504.7 | 583.4 | 725.0 | 15.6 | 24.3 |
| **IV. विकासशील देश** | **23,781.0** | **31,458.8** | **39,992.7** | **32.3** | **27.1** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| **क. एशिया** | **18,544.7** | **24,436.9** | **29,808.8** | **31.8** | **22.0** |
| **अ) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **3,499.7** | **4,369.7** | **5,002.2** | **24.9** | **14.5** |
| 1. बांग्ला देश | 1,271.2 | 1,353.9 | 1,309.9 | 6.5 | -3.2 |
| 2. भूटान | 65.1 | 82.7 | 45.2 | – | -45.3 |
| 3. मालदीव | 38.5 | 57.2 | 55.7 | 48.8 | -2.7 |
| 4. नेपाल | 600.4 | 714.9 | 770.2 | 19.1 | 7.7 |
| 5. पाकिस्तान | 411.8 | 513.4 | 1,109.2 | 24.7 | 116.1 |
| 6. श्रीलंका | 1,112.8 | 1,647.7 | 1,711.9 | 48.1 | 3.9 |
| **आ) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **15,044.9** | **20,067.1** | **24,806.6** | **33.4** | **23.6** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 3,556.3 | 5,177.4 | 6,437.9 | 45.6 | 24.3 |
| 2. हांगकांग | 2,847.5 | 3,583.8 | 3,675.9 | 25.9 | 2.6 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 778.4 | 1,369.5 | 2,054.7 | 75.9 | 50.0 |
| 4. मलेशिया | 860.5 | 921.6 | 1,095.2 | 7.1 | 18.8 |
| 5. सिंगापुर | 3,007.8 | 4,382.2 | 4,766.9 | 45.7 | 8.8 |
| 6. थाइलैंड | 667.8 | 863.1 | 1,156.8 | 29.2 | 34.0 |
| **ख. अफ्रीका** | **3,544.3** | **4,520.5** | **6,935.7** | **27.5** | **53.4** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेनिन | 34.9 | 81.9 | 123.7 | 134.6 | 51.1 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 348.4 | 507.7 | 582.4 | 45.7 | 14.7 |
| 3. केन्या | 340.8 | 431.3 | 1,053.8 | 26.6 | 144.3 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 821.7 | 1,219.5 | 1,783.1 | 48.4 | 46.2 |
| 5. सूडान | 242.6 | 252.8 | 330.5 | 4.2 | 30.8 |
| 6. तंजानिया | 146.3 | 195.5 | 227.7 | 33.6 | 16.5 |
| 7. जांबिया | 37.3 | 54.4 | 89.1 | 45.7 | 63.8 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **1,692.1** | **2,501.4** | **3,248.2** | **47.8** | **29.9** |
| **V. अन्य** | **54.8** | **80.3** | **86.2** | **46.5** | **7.3** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **295.0** | **138.9** | **610.0** | **-52.9** | **339.1** |
| **कुल निर्यात** | **64,507.1** | **82,395.8** | **101,845.9** | **27.7** | **23.6** |

अ : अनंतिम।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 5: भारत के मुख्य वस्तुओं का आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-जनवरी | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. थोक आयात** | **33,977.8** | **49,901.7** | **69,244.2** | **46.9** | **38.8** |
| | **(38.9)** | **(42.3)** | **(46.7)** | | |
| **क. पेट्रोलियम, पेट्रोलियम के उत्पाद और संबद्ध सामग्री** | **24,038.3** | **35,646.5** | **47,608.9** | **48.3** | **33.6** |
| | **(27.5)** | **(30.2)** | **(32.1)** | | |
| **ख. थोक उपभोग वस्तुएं** | **2,532.7** | **2,295.9** | **2,793.2** | **-9.3** | **21.7** |
| 1. गेहूं | 0.0 | 0.0 | 311.6 | – | – |
| 2. अनाज और अनाज से निर्मित पदार्थ | 19.9 | 26.5 | 27.9 | 32.8 | 5.5 |
| 3. खाद्य तेल | 1,996.6 | 1,626.9 | 1,797.6 | -18.5 | 10.5 |
| 4. दाल | 352.5 | 495.4 | 655.3 | 40.5 | 32.3 |
| 5. चीनी | 163.7 | 147.1 | 0.7 | – | – |
| **ग. अन्य थोक मदें** | **7,406.8** | **11,959.2** | **18,842.1** | **61.5** | **57.6** |
| 1. उर्वरक | 1,022.8 | 1,861.9 | 2,805.2 | 82.0 | 50.7 |
| क) कच्चा माल | 202.9 | 266.2 | 296.2 | 31.2 | 11.2 |
| ख) सल्फर और अनरोस्टेड आयरन पाइराइटस् | 96.6 | 115.2 | 90.1 | 19.3 | -21.7 |
| ग) विनिर्मित वस्तुए | 723.3 | 1,480.6 | 2,418.9 | 104.7 | 63.4 |
| 2. अलौह धातु | 1,060.5 | 1,518.7 | 2,142.1 | 43.2 | 41.0 |
| 3. कागज, कागजी बोर्ड और न्यूजप्रिंट सहित विनिर्मित सामग्री | 603.5 | 783.2 | 1,026.7 | 29.8 | 31.1 |
| 4. कच्चा रबड़, कृत्रिम और द्वितीय श्रेणी उत्पाद सहित | 336.9 | 348.9 | 493.6 | 3.5 | 41.5 |
| 5. लुगदी और रद्दी कागज | 411.5 | 476.7 | 514.2 | 15.8 | 7.9 |
| 6. धातुमय कच्चा अयस्क और रद्दी धातु | 1,933.3 | 3,125.6 | 6,814.6 | 61.7 | 118.0 |
| 7. लोहा और इस्पात | 2,038.3 | 3,844.1 | 5,045.8 | 88.6 | 31.3 |
| **II. थोक से इतर आयात** | **53,282.1** | **67,970.4** | **79,047.0** | **27.6** | **16.3** |
| | **(61.1)** | **(57.7)** | **(53.3)** | | |
| **क. पूंजीगत वस्तुएं** | **18,518.6** | **25,900.3** | **34,298.9** | **39.9** | **32.4** |
| 1. धातु से निर्मित | 731.2 | 1,006.7 | 1,274.4 | 37.7 | 26.6 |
| 2. मशीन - औजार | 473.4 | 885.3 | 1,206.3 | 87.0 | 36.3 |
| 3. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर मशीनें | 5,309.4 | 8,042.3 | 11,080.1 | 51.5 | 37.8 |
| 4. इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर इलेक्ट्रिकल मशीनें | 958.1 | 1,227.6 | 1,596.5 | 28.1 | 30.0 |
| 5. कंप्यूटर सॉफ्टवेयर सहित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 8,604.1 | 11,450.6 | 13,903.8 | 33.1 | 21.4 |
| 6. परिवहन के साधन | 2,002.9 | 2,625.3 | 3,715.6 | 31.1 | 41.5 |
| 7. परियोजना वस्तुएं | 439.5 | 662.5 | 1,522.2 | 50.7 | 129.8 |
| **ख. मुख्यत: निर्यात से संबद्ध मदें** | **13,318.8** | **15,988.7** | **14,583.8** | **20.0** | **-8.8** |
| 1. मोती, बहुमूल्य और कम बहुमूल्य रत्न | 7,238.9 | 8,028.3 | 5,966.2 | 10.9 | -25.7 |
| 2. रसायन, आर्गेनिक और इनआर्गेनिक | 4,449.3 | 5,783.2 | 6,444.0 | 30.0 | 11.4 |
| 3. टेक्सटाइल यार्न, फैब्रिक, आदि | 1,269.6 | 1,748.0 | 1,814.9 | 37.7 | 3.8 |
| 4. काजू नट, कच्चा | 361.0 | 429.2 | 358.6 | 18.9 | -16.4 |
| **ग. अन्य** | **21,444.6** | **26,081.4** | **30,164.3** | **21.6** | **15.7** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. सोना और चांदी | 8,933.1 | 9,189.0 | 12,343.7 | 2.9 | 34.3 |
| 2. कृत्रिम राल (रेजिन) और प्लास्टिक सामग्री | 1,161.0 | 1,898.5 | 2,112.5 | 63.5 | 11.3 |
| 3. इलेक्ट्रिकल को छोड़कर व्यावसायिक उपकरण | 1,184.4 | 1,615.5 | 1,883.9 | 36.4 | 16.6 |
| 4. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 2,445.1 | 3,196.5 | 3,656.6 | 30.7 | 14.4 |
| 5. औषधीय और भेषज उत्पाद | 579.7 | 860.5 | 1,028.5 | 48.4 | 19.5 |
| 6. रासायनिक सामग्री और उत्पाद | 669.3 | 863.5 | 1,105.8 | 29.0 | 28.1 |
| 7. अधात्विक खनिज विनिर्माण | 377.9 | 518.8 | 644.6 | 37.3 | 24.2 |
| **कुल आयात** | **87,259.9** | **117,872.1** | **148,291.2** | **35.1** | **25.8** |
| *ज्ञापन मदें* | | | | | |
| **तेल से इतर आयात** | **63,221.6** | **82,225.5** | **100,682.2** | **30.1** | **22.4** |
| **सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात** | **54,288.5** | **73,036.5** | **88,338.5** | **34.5** | **21.0** |
| **मुख्यत: औद्योगिक निविष्टियां*** | **49,848.1** | **67,644.5** | **81,242.5** | **35.7** | **20.1** |

अ : अनंतिम।

* : सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात, थोक उपभोग की वस्तुएं, विनिर्मित उर्वरक और व्यावसायिक उपकरण ।

**टिप्पणी :** कोष्ठक के आंकड़े उस अवधि के कुल आयात के प्रतिशत से संबंधित हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।

## विवरण 6: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-जनवरी | | |
|---|---|---|---|
| | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 अ |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **30,681.6** | **38,902.4** | **48,591.5** |
| **क. यूरोपीय संघ** | **14,299.2** | **18,698.2** | **21,165.4** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. बेल्जियम | 3,642.0 | 4,073.4 | 3,259.1 |
| 2. फ्रान्स | 1,123.8 | 1,430.5 | 1,784.9 |
| 3. जर्मनी | 3,160.6 | 4,822.7 | 6,064.5 |
| 4. इटली | 1,083.3 | 1,523.2 | 2,150.0 |
| 5. नीदरलैंड | 635.5 | 881.0 | 908.2 |
| 6. यूके | 2,683.2 | 3,347.3 | 3,366.6 |
| **ख. उत्तर अमरीका** | **5,784.8** | **7,224.2** | **9,535.0** |
| 1. कनाडा | 598.0 | 774.0 | 1,117.8 |
| 2. अमरीका | 5,186.7 | 6,450.2 | 8,417.2 |
| **ग. एशिया और ओसीनिया** | **5,587.5** | **7,212.4** | **9,621.8** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 3,045.7 | 4,092.6 | 5,748.2 |
| 2. जापान | 2,445.2 | 2,943.2 | 3,655.5 |
| **घ. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **5,010.2** | **5,767.6** | **8,269.3** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. स्विट्ज़रलैंड | 4,723.9 | 5,349.3 | 7,464.8 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **7,877.0** | **9,158.3** | **46,422.1** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 2,084.0 | 2,449.5 | 3,282.1 |
| 2. ईरान | 320.3 | 570.7 | 6,005.9 |
| 3. इराक | 0.8 | 1.5 | 4,638.5 |
| 4. कुवैत | 235.4 | 397.9 | 4,947.4 |
| 5. सऊदी अरब | 1,046.4 | 1,318.5 | 11,285.8 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 3,597.1 | 3,600.6 | 7,081.4 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1,929.1** | **3,260.5** | **3,782.7** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. रूमानिया | 130.5 | 229.7 | 208.1 |
| 2. रूस | 1,028.7 | 1,771.6 | 1,704.5 |
| **IV. विकासशील देश** | **22,505.0** | **30,614.8** | **48,796.5** |
| *जिसमें से :* | | | |
| **अ. एशिया** | **17,720.1** | **24,731.5** | **38,772.9** |
| **क) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **752.1** | **1,133.0** | **1,208.8** |
| 1. बांग्लादेश | 44.9 | 98.0 | 193.6 |
| 2. भूटान | 49.8 | 72.5 | 107.5 |
| 3. मालदीव | 0.5 | 1.6 | 2.6 |
| 4. नेपाल | 288.2 | 327.9 | 252.9 |
| 5. पाकिस्तान | 75.6 | 155.9 | 268.9 |
| 6. श्रीलंका | 293.0 | 477.0 | 383.3 |
| **ख) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **16,968.0** | **23,598.6** | **37,564.1** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 5,538.5 | 8,861.4 | 14,108.1 |
| 2. हांगकांग | 1,386.7 | 1,751.9 | 1,975.7 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 2,647.7 | 3,668.1 | 3,909.2 |
| 4. मलेशिया | 1,865.4 | 1,994.9 | 4,402.7 |
| 5. सिंगापुर | 2,107.5 | 2,644.7 | 4,581.9 |
| 6. थाइलैंड | 662.2 | 995.0 | 1,378.4 |
| **आ. अफ्रीका** | **3,096.7** | **3,862.8** | **5,727.0** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. बेनिन | 72.1 | 74.4 | 75.4 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 117.8 | 192.4 | 1,471.0 |
| 3. केन्या | 38.8 | 41.1 | 45.5 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 1,733.4 | 2,038.4 | 2,172.9 |
| 5. सूडान | 19.9 | 26.4 | 93.7 |
| 6. तंजानिया | 120.2 | 101.0 | 77.5 |
| 7. जांबिया | 20.9 | 34.6 | 77.0 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **1,688.3** | **2,020.5** | **4,296.7** |
| **V. अन्य** | **17.1** | **37.0** | **56.9** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **24,250.1** | **35,899.0** | **641.3** |
| **कुल निर्यात** | **87,259.9** | **117,872.1** | **148,291.2** |

अ : अनंतिम

**टिप्पणी** : 2006-07 के आंकड़े, जिनमें पेट्रोलियम आयात का देशवार वर्गीकरण शामिल है, पिछले वर्ष के डाटा से भिन्न हो सकते हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।